Anand
DATE :
PAGE NO. :

# ऑडियो, विडियो रिकॉर्डिंग एवं कलाकार विवरण पत्र

फोल्डर नं:- 10
ट्रेक नं:- ZOOM006. WAV
ट्रेक समयावधि:-
कलाकार का नाम:- धूडे खाँ पिता- जामीन खाँ
सहायक कलाकार:- समन्दर खा हयात खां
पता :- गाव बडनावा-चारणान् तैह-पचपदरा जिला-बाड़मेर

विडियो रिकॉर्डिंग समय:-
विषय :- कथा (नीम्बूचंद)
विशेष विवरण

दिनांक :- 24/03/2021
स्थान :- बडनावा चारणान्
गायन/वादन (NO)

DATE :
PAGE NO. :

यह कथा 'नीम्बूचँद' नाम से प्रचलित है कथा मे दोनो दोस्तो में से सेठ के लडके के पास हर समस्य का हल है और वह किस तरह से अपने साथी को बचाता है।

कथा में राजकुमार को बारह वर्ष का देश निकाला दिया जाता है। राजकुमार अपने देश को छोडकर घोडा लेकर निकल जाता है तो वह आगे तालाब पर अपने घोडे को पानी पिलाने रुक जाता है तभी वहाँ से सेठ नीम्बूचंद की बारात वाह से गुजरती है तो उसी तालाब पर आकर रुकती है और सेठ नीम्बूचंद की दुलहन पालकी से बाहर देखती है तो उसी राजकुमार को देखती है उससे प्रेम हो जाता है तो वह उसे अपने गाँव का पता बताने के लिए कुछ इशारे करती है तो वह एक नीम्बू पानी में फेंकती है और अपने सिर पर हाथ रखती है और पर्दा नीचे कर लेती है और बारात चली जाती है। वह सोच रहा होता है तभी उसका दोस्त सेठ का लडका वह भी उसके पीछे आ जाता है और राजकुमार यह बात उसको बताता है तो वह समझ जाता है और राजकुमार को भी समझाता है और वह दोनो उस बारात के पीछे निकल जाते है और बारात जिस गाँव में प्रवेश करती है वह दोनो भी उसी गाँव में चले जाते है।

और वह दोनो फुलो मालन के घर जाते है और सेठ नीम्बूचँद के घर का पता करते है तथा फुलो मालन उसको सब बता देती है क्योंकि उनका आना-जाना नीम्बूचंद के घर होता है। सेठ नीम्बूचंद व्यपार के लिए दूसरे शहर चला जाता है वह दोनो वाह कुछ दिन वाह रहते है एक दिन राजकुमार नीम्बूचंदकीस्त्री के महल में जाता है और नीम्बू चंद का दोस्त उन दोनों को मंदिर में बन्द करवा देता है तो राजकुमार का दोस्त अपनी चतुर्ता से वाहा से निकालवादेता है तथा पंचायती में भी राजकुमार को सत्य साबित करवा देता है। और कथा के अन्त में राजकुमार का विवाह नीम्बूचंद की स्त्री के साथ करवाता है और उनके बारह वर्ष पूर्ण हो जाते है तथा अपने शहर वापिस लौट जाते है।